# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

8 मार्च 2026

रविवार




शिक्षा विभाग में करोड़ों की वसूली का आरोप, सांसद सुधाकर सिंह पर घिरे सवाल

2



## एक नजर

### एलोवेरा पाउडर बताकर विदेश भेजी जा रही थी बेहोश करने वाली दवा

**नई दिल्ली।** गुजरात के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इन पर दर्द निवारक दवा एटोमिडेट को विदेश भेजने का आरोप है। इसे एलोवेरा पाउडर और निजी देखभाल सामग्री बताकर भेजा जा रहा था। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।एटीएस ने बताया, गिरफ्तार आरोपियों के नाम निकुंज गढ़िया (28), चेतन वावडिया (28) और भौतिक पदमनी (32) हैं। तीनों सूरत के रहने वाले हैं। उनका कथित रूप से संपर्क मलयेशिया और थाईलैंड के ड्रग कार्टेल के लोगों से भी था। यह कार्रवाई एक खुफिया सूचना के बाद की गई। सूचना मिली थी कि कुछ लोग यह दवा दक्षिण-पूर्व एशिया के देशों में भेज रहे हैं। इन देशों में इस पदार्थ को मादक या दिमा पर असर डालने वाली दवा माना जाता है।अधिकारियों ने बताया कि निकुंज गढ़िया अपनी कंपनियों डीडब्ल्यूएन बायोसाइंस, न्यूट्रल फार्मा और ओम हर्ब्स के जरिये यह काम करता था। भौतिक पदमनी अपनी कंपनी जानी फार्मा का इस्तेमाल करता था। वहीं, चेतन वावडिया रुद्र एंटरप्राइज के जरिये दवा विदेश भेजता था।

### नेपाल में शांतिपूर्ण चुनाव पर पीएम मोदी ने दी बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेपाल में सफल और शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए वहां की जनता और सरकार हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह देखकर खुशी होती है कि नेपाल के उनके भाई-बहनों ने पूरे उत्साह के साथ अपने लोकतांत्रिक अधिकार का उपयोग किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह ऐतिहासिक उपलब्धि नेपाल की लोकतांत्रिक यात्रा में गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि एक करीबी मित्र और पड़ोसी के रूप में भारत नेपाल के लोगों और उनकी नई सरकार के साथ मिलकर शांति, प्रगति और समृद्धि के नए आयाम स्थापित करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम करता रहेगा।नेपाल की जनता और सरकार को सफल और शांतिपूर्ण चुनाव कराने पर हार्दिक बधाई। अपने नेपाली भाई-बहनों को इतने उत्साह के साथ अपने लोकतांत्रिक अधिकार का उपयोग करते देखना अत्यंत प्रसन्नता का विषय है।

# भारत की विकास यात्रा कोई रोक नहीं सकता : एस जयशंकर

- जयशंकर ने रायसीना डायलॉग में अमेरिकी टिप्पणी का जवाब दिया
- भारत का विकास अपनी ताकत से होगा, किसी पर निर्भर नहीं
- ईरानी जहाज को मानवीय आधार पर कोच्चि में अनुमति मिली



**एजेंसी। नई दिल्ली**

मंच वही रायसीना डायलॉग का था, जहां से अमेरिका के उप विदेश मंत्री क्रिस्टोफर लैंडो ने दो दिन पहले भारत की विकास यात्रा पर अनावश्यक टिप्पणी की थी। इस बार मौका विदेश मंत्री एस जयशंकर को मिला और उन्होंने बगैर कोई नाम लिये अमेरिका को यह संदेश देने में कोई कसर नहीं छोड़ी कि भारत की विकास यात्रा उसकी खुद की बदौलत तय होगी और इसे कोई रोक नहीं सकता। कूटनीतिक बहस के एक सत्र में जयशंकर ने कहा कि, 'आज जब देशों के उभार की बात होती है तो यह समझना जरूरी है कि किसी भी देश का उत्थान उसी देश द्वारा तय किया जाता है। भारत का उदय भारत ही तय करेगा। यह हमारी ताकतों पर आधारित होगा, न कि किसी और की गलतियों पर।' दो दिन पहले गुरुवार को अमेरिकी उप विदेश मंत्री लैंडो ने यहां पर कहा था कि 'अमेरिका भारत के साथ वही गलती नहीं करेगा जो उसने चीन के साथ की थी' यानी ऐसी आर्थिक सहूलियतें नहीं देगा जिससे भारत भी चीन की तरह एक बड़ा प्रतिस्पर्धी बन जाए। लैंडो ने कहा था कि, 'भारत को यह समझना चाहिए कि हम भारत के साथ वही गलतियां नहीं दोहराने जा रा रहे हैं, जो हमने 20 साल पहले चीन के सात की थी।'

### जयशंकर ने किया पलटवार

इसी सत्र में जयशंकर ने कहा है कि ईरान-अमेरिका-इजरायल संघर्ष के बीच भारतीय बंदरगाह कोच्चि पोर्ट पर एक ईरानी नौसेना जहाज (आइरिस लावान) को ठहरने की अनुमति देने का फैसला भारत ने मानवीय आधार पर लिया था, न कि किसी भू-राजनीतिक गणना के आधार पर। हमने इस मामले को भू-राजनीतिक नजरिए से नहीं बल्कि मानवता के आधार पर देखा। कानूनी जटिलताएं जरूर थीं, लेकिन अंततः हमने वही किया जो सही था।" जयशंकर ने साथ ही हिंद महासागर में अमेरिकी पनडुब्बी द्वारा ईरानी युद्धपोत आइरिस डेना को डुबोए जाने की घटना को 'दुर्भाग्यपूर्ण' बताया और कहा कि साथ ही इससे यह स्पष्ट हुआ कि पश्चिम एशिया का युद्ध भारत के आसपास के समुद्री क्षेत्र तक पहुंच गया है।

# देश में घरेलू एलपीजी 60 रुपए तो कमर्शियल सिलेंडर 115 हुआ महंगा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में शनिवार, 7 मार्च से बढ़ोतरी कर दी गई है। देश भर में 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में 60 रुपये की वृद्धि हुई है।इसी तरह, 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत मंल भी इसी तारीख से 115 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। इसका सीधा असर होटल, रेस्टोरेंट और छोटे व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर पड़ेगा।सूत्रों के मुताबिक, दिल्ली में 14.2 किलो वाले घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत 853 रुपये से बढ़कर 913 रुपये हो गई है। मुंबई में घरेलू सिलेंडर की नई दर अब 912.50 रुपये है, जो पहले 852.50 रुपये थी। जबकि चेन्नई में यह 868.50 रुपये से बढ़कर 928.50 रुपये हो गई है। ये संशोधित दरें आज से ही प्रभावी हो गई हैं। व्यवसायों द्वारा उपयोग किए जाने वाले कमर्शियल सिलेंडर की कीमतों में भी भारी बढ़ोतरी हुई है। दिल्ली में 19 किलो वाले कमर्शियल सिलेंडर की कीमत 1768.50 रुपये से बढ़कर 1883 रुपये हो गई है।मुंबई में यह 1720.50 रुपये से बढ़कर 1835 रुपये हो गई है। कोलकाता में कीमत 1875.50 रुपये से बढ़कर 1990 रुपये और चेन्नई में 1929 रुपये से बढ़कर 2043.50 रुपये हो गई है।इससे पहले, अप्रैल 2025 से घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ था।

### प्रधानमंत्री मोदी ने कहा-देश के लिए यह शर्मनाक व अविश्वनीय

# राष्ट्रपति का कोलकता में आगमन स्वागत करने नहीं आए सीएम ममता



- सीएम ने कहा-भाजपा हर बात पर करती है राजनीति

**एजेंसी। कोलकता**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज पश्चिम बंगाल में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, उनके आगमन के लिए हवाई अड्डे पर कोई (न मुख्यमंत्री और ना ही कोई) मौजूद नहीं था। वहीं राष्ट्रपति के वीडियो को एक्स पर साझा करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सीएम ममता बनर्जी और राज्य सरकार पर करारा हमला बोला है। पीएम मोदी ने कहा कि यह शर्मनाक और अविश्वनीय है। लोकतंत्र और आदिवासी समुदायों के सशक्तिकरण में विश्वास रखने वाला हर व्यक्ति निराश है। स्वयं आदिवासी समुदाय से आने वाली राष्ट्रपति जी द्वारा व्यक्त की गई पीड़ा और दुख ने भारत की जनता के मन में गहरा दुख पहुंचाया है। पीएम मोदी ने अपने पोस्ट में आगे लिखा- पश्चिम बंगाल की टीएमसी सरकार ने सारी हदें पार कर दी हैं। राष्ट्रपति के इस अपमान के लिए उनका प्रशासन जिम्मेदार है। यह भी उतना ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि पश्चिम बंगाल सरकार संथाल संस्कृति जैसे महत्वपूर्ण विषय को इतनी लापरवाही से ले रही है। राष्ट्रपति का पद राजनीति से ऊपर है और इस पद की गरिमा का हमेशा सम्मान किया जाना चाहिए। आशा है कि पश्चिम बंगाल सरकार और टीएमसी में सुधरने की भावना जागृत होगी।

### *ममता बनर्जी ने भाजपा पर लगाए गंभीर आरोप*

*इससे पहले पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भारतीय जनता पार्टी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा राजनीति के लिए राष्ट्रपति के पद का इस्तेमाल कर रही है। कोलकाता में एक विरोध प्रदर्शन के दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा इतनी नीचे गिर गई है कि वह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का नाम लेकर पश्चिम बंगाल को बदनाम करने की कोशिश कर रही है।*

### *राष्ट्रपति को राजनीतिक विवादों से दूर रहना चाहिए : ममता बनर्जी*

*इस दौरान सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि वे राष्ट्रपति का पूरा सम्मान करती हैं, लेकिन चुनाव के समय भाजपा के कहने पर राजनीति में शामिल नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति देश का संवैधानिक पद है और उन्हें राजनीतिक विवादों से दूर रहना चाहिए। मुख्यमंत्री ने यह भी सवाल उठाया कि जब मणिपुर और अन्य भाजपा शासित राज्यों में आदिवासी समुदाय के लोगों पर अत्याचार हुए, तब राष्ट्रपति ने उस पर कोई प्रतिक्रिया क्यों नहीं दी। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि आदिवासियों के मुद्दे पर भाजपा दोहरा रवैया अपनाती है। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रपति को शायद पश्चिम बंगाल में आदिवासी समुदाय के लिए किए गए विकास कार्यों की सही जानकारी नहीं है। सीएम ममता बनर्जी के अनुसार उनकी सरकार ने राज्य में आदिवासियों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक योजनाओं के तहत कई महत्वपूर्ण काम किए हैं।*

# हरिद्वार में दहाड़े अमित शाह : बोले- केदारनाथ से लेकर कन्याकुमारी तक घुसपैठियों को खदेड़ेंगे



**एजेंसी। हरिद्वार**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज हरिद्वार के दौरे पर हैं. हरिद्वार में जहां केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह में उत्तराखंड की धामी सरकार की चार साल की उपलब्धियों का बखान किया, तो वहीं उन्होंने कांग्रेस पर भी जमकर निशाना साधा. इस दौरान अमित शाह ने राहुल गांधी पर निशाना साधता हुए कहा कि केदारनाथ से लेकर कन्याकुमारी तक घुसपैठियों को निकाला जाएगा. इसके साथ ही अमित शाह ने कई योजनाओं को शुभारंभ भी किया. पांच लोगों को दिया नागरिकता का प्रमाण पत्रःअमित शाह ने उत्तराखंड पुलिस में नई भर्ती के पांच आरक्षियों को औपचारिक रूप नियुक्ति पत्र सौंपा. नई भर्ती में करीब 2000 आरक्षी भर्ती किए गए हैं. वहीं सीएए के तहत पाकिस्तान, अफगानिस्तान से भारत लौटे पांच हिंदुओं को नागरिकता प्रमाण पत्र प्रदान किया. बलूचिस्तान के शैलेश, पाकिस्तान के जसपाल कुमार, पाकिस्तान की दुर्गा राजपूत और अफगानिस्तान की हंसेरी बाई को भारत की नागरिकता का प्रमाण पत्र प्रदान किया.विकास योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण कियाः इसके अलावा डिजिटल मध्यम से गृह मंत्री अमित शाह ने 1100 करोड़ से अधिक की विकास योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया. इसके साथ ही गृह मंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कार्यकाल में विभिन्न विकास योजनाओं से संबंधित विकल्प रहित संकल्प पुस्तक का विमोचन किया. गिरिजा शंकर जोशी, गिरिजा ने इस पुस्तक का संपादन किया है.ई जीरो एफआईआर प्रणाली का शुभारंभः अमित शाह ने ई जीरो एफआईआर प्रणाली का डिजिटल बटन दबाकर शुभारंभ किया. बताया गया कि उत्तराखंड में इस प्रणाली से 1930 टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर से ई जीरो एफआईआर दर्ज की जा सकती है।

# जींद की फैक्ट्री में आग लगने से पांच महिलाओं की मौत, 17 मजदूर झुलसे

**एजेंसी। नई दिल्ली**

शहर की गीता कॉलोनी में शनिवार दोपहर को रंग-गुलाल बनाने की फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। इसमें पांच महिला मजदूरों की मौत हो गई, जबकि 12 अन्य गंभीर रूप से झुलस गए। इनमें से एक घायल का नागरिक अस्पताल सफीदों में इलाज चल रहा है। चार को पीजीआई रोहतक, एक को हिसार और छह को मेडिकल कॉलेज खानपुर रेफर किया गया है। फैक्ट्री में रंग-गुलाल में बारूद के साथ केमिकल का प्रयोग किया जाता था। आग लगने के कारणों का पता नहीं लग पाया है। सूचना के बाद डीसी, एसपी समेत पूरा प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंच गया है। एसपी के निर्देश पर मामला दर्ज किया गया। गीता कालोनी के रिहायशी इलाके में डेढ़ साल से अवैध फैक्टरी चल रही थी। इसमें 20 लोग काम करते थे। इनमें पांच पुरुष और 15 महिलाएं शामिल हैं।फैक्ट्री में जब आग लगी तो बारूद और केमिकल के कारण भड़क गई। जान बचाने के लिए तीन महिलाएं छत पर चढ़ी और कूद गई। इस कारण तीनों सुरक्षित बच गई। 17 लोग आग की चपेट में आए। इनमें चार महिलाओं की मौके पर मौत हो गई। बाकी घायलों को नागरिक अस्पताल सफीदों में लाया गया। यहां से अलग-अलग जगह रेफर किया गया। इनमें से दो महिलाओं की हालत काफी गंभीर बताई जा रही है। एक युवक की हालत ठीक होने के कारण उसे सफीदों में ही दाखिल किया गया।







केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण
बक्सर
बक्सर, 8 मार्च 2026
website:keshavtimes.com
e-mail:keshavtimes1@gmail.com


# विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

- **बच्चों के खान-पान, स्वास्थ्य और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा, नियमित मेडिकल जांच और बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित करने का निर्देश**



**केटी न्यूज/बक्सर**

जिलाधिकारी साहिला ने शनिवार को विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान, बक्सर का औचक निरीक्षण कर वहां रह रहे बच्चों की देखभाल, स्वास्थ्य, खान-पान तथा सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान संस्थान में कुल पांच बच्चे आवासित पाए गए। जिलाधिकारी ने बच्चों की सुविधाओं से जुड़ी व्यवस्थाओं का विस्तार से निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को कई आवश्यक निर्देश दिए।

निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने बच्चों के खान-पान की व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि बच्चों की उम्र और जरूरत के अनुसार भोजन के मेन्यू में आवश्यक सुधार किया जाए, ताकि उन्हें संतुलित और पौष्टिक आहार मिल सके। साथ ही उन्होंने बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए प्रति सप्ताह नियमित चिकित्सा जांच की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि डॉक्टर से परामर्श लेकर उसका लिखित सलाह पत्र प्राप्त किया जाए तथा उसी के अनुरूप बच्चों की देखभाल और इलाज सुनिश्चित किया जाए।

सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी जिलाधिकारी ने गंभीरता दिखाई। उन्होंने संस्थान की सुरक्षा को और मजबूत बनाने के लिए चौकीदार की प्रतिनियुक्ति करने हेतु पुलिस अधीक्षक से अनुरोध करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। इसके अलावा बच्चों के रहने वाले कमरों में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था करने तथा बच्चों के अनुकूल आकर्षक पेंटिंग और सजावट लगाने का भी निर्देश दिया, ताकि बच्चों को बेहतर और सकारात्मक वातावरण मिल सके।

जिलाधिकारी ने सहायक निदेशक को निर्देश देते हुए कहा कि जिन दंपतियों को नियमानुसार इस संस्थान के माध्यम से बच्चे दत्तक दिए जाते हैं, उनका निर्धारित अंतराल पर नियमित फॉलोअप किया जाए। इससे यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि दत्तक लिए गए बच्चों का पालन-पोषण और देखभाल सही तरीके से हो रही है या नहीं।

इसके साथ ही वर्तमान में दत्तक दिए जाने वाले बच्चों से संबंधित सभी प्रक्रियाओं को नियमानुसार और विधिवत पूरा करने का निर्देश भी दिया गया। निरीक्षण के दौरान संस्थान के समन्वयक सहित अन्य कर्मी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने सभी को बच्चों के बेहतर भविष्य और समुचित देखभाल के लिए पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करने की हिदायत दी।

# शिक्षा विभाग में करोड़ों की वसूली का आरोप, सांसद सुधाकर सिंह पर घिरे सवाल

- **भाजपा जिला प्रवक्ता दीपक पांडेय ने प्रेस वार्ता आयोजित कर लगाए गंभीर आरोप, बोले मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री से करेंगे उच्च स्तरीय जांच की मांग**




**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर जिले में शिक्षा विभाग से जुड़े कथित वसूली और वित्तीय अनियमितताओं के मामले को लेकर राजनीतिक माहौल गरमा गया है। शनिवार को भाजपा के जिला प्रवक्ता दीपक पांडेय ने प्रेस वार्ता आयोजित कर स्थानीय सांसद सुधाकर सिंह पर गंभीर आरोप लगाए और पूरे मामले की निष्पक्ष व उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की।

प्रेस वार्ता में दीपक पांडेय ने कहा कि सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत संसदीय मंत्रालय से प्राप्त पत्र के अनुसार लोकसभा सांसदों को अपने संसदीय क्षेत्र में किसी भी विभाग के लिए किसी व्यक्ति को अधिकृत प्रतिनिधि नियुक्त करने का कोई कानूनी प्रावधान नहीं है। इसके बावजूद सांसद सुधाकर सिंह द्वारा पत्रांक बीएक्सआर/138 दिनांक 28 दिसंबर 2024 के माध्यम से जिला शिक्षा पदाधिकारी को पत्र लिखकर अरविंद कुमार सिंह को अपना प्राधिकृत सहयोगी नामित किया गया, जो गंभीर सवाल खड़े करता है।

दीपक पांडेय ने आरोप लगाया कि सांसद के कथित संरक्षण में अरविंद कुमार सिंह और उनके सहयोगी अजय सिंह शिक्षा विभाग में नियोजित शिक्षकों और अन्य कर्मियों से हर महीने तीन हजार से सात हजार रुपये तक की अवैध वसूली करते हैं। उन्होंने दावा किया कि इन दोनों के खिलाफ जिले के विभिन्न थानों में प्राथमिकी भी दर्ज बताई जाती है और कई मौकों पर अधिकारियों व शिक्षकों पर दबाव बनाने तथा मारपीट की घटनाएं भी सामने आई हैं।

उन्होंने कहा कि जिला शिक्षा विभाग के कई अधिकारियों द्वारा इनकी गतिविधियों के खिलाफ लिखित शिकायत भी की गई है। पूर्व जिला शिक्षा पदाधिकारी अमरेंद्र पांडेय द्वारा जान से मारने की धमकी दिए जाने की शिकायत भी प्रशासन को दी गई थी। इसके बावजूद अब तक किसी स्तर पर ठोस कार्रवाई नहीं होना चिंता का विषय है।

प्रेस वार्ता के दौरान दीपक पांडेय ने यह भी आरोप लगाया कि कथित प्रभाव का इस्तेमाल करते हुए अरविंद सिंह ने शिक्षा विभाग में बेंच-डेस्क आपूर्ति, मिड डे मील सामग्री, बर्तन वितरण और टूल किट जैसी योजनाओं से जुड़े करोड़ों रुपये के सरकारी ठेके भी प्राप्त किए हैं। उन्होंने कहा कि यदि इन आरोपों की निष्पक्ष जांच हो जाए तो बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितताएं उजागर हो सकती हैं।

मामले में एक और गंभीर आरोप का जिक्र करते हुए दीपक पांडेय ने कहा कि फस्ट आइडिया डिजीटल एप्लीकेशन नामक कंपनी से जुड़े टेंडर में भी गड़बड़ी की बात सामने आई है। आरोप है कि एक कंपनी के नाम से निविदा भरकर मिलते-जुलते नाम वाली दूसरी कंपनी फर्स्ट आइडिया डिजीटल्स एप्लीकेशन्स के साथ एकरारनामा कर करोड़ों रुपये का भुगतान कर दिया गया।

उन्होंने कहा कि दिशा की बैठकों में भी सांसद सुधाकर सिंह इस कंपनी के पक्ष में लगातार आवाज उठाते रहे और जिला पदाधिकारी के समक्ष लिखित रूप से इसकी पैरवी भी की गई। ऐसे में यदि टेंडर प्रक्रिया में गड़बड़ी हुई है तो यह अत्यंत गंभीर मामला है और इसकी गहराई से जांच होनी चाहिए।

भाजपा प्रवक्ता ने दावा किया कि संबंधित कंपनी के खाते से अरविंद सिंह, तथा उनके रिश्तेदारों के खातों में धनराशि जाने की भी चर्चा है। उन्होंने कहा कि यदि यह तथ्य सही है तो यह पूरे मामले को और अधिक गंभीर बना देता है।

भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि शिक्षा जैसे संवेदनशील क्षेत्र में यदि वसूली और भ्रष्टाचार का ऐसा तंत्र सक्रिय है तो यह पूरे समाज के लिए चिंताजनक है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि वह इस मामले में चुप नहीं बैठेंगे।

प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि हम इस पूरे मामले को राज्य सरकार के समक्ष उठाएंगे। शिक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री तक इसकी जानकारी देकर उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच की मांग करेंगे, ताकि शिक्षा विभाग में चल रहे कथित वसूली तंत्र और वित्तीय अनियमितताओं की सच्चाई सामने आ सके।

दीपक पांडेय ने यह भी मांग की कि पूरे मामले की स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराई जाए, कथित वसूली और वित्तीय लेन-देन की जांच हो तथा दोषी पाए जाने पर संबंधित लोगों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही फर्स्ट आइडिया डिजीटल्स एप्लीकेशन्स को किए गए भुगतान की विशेष ऑडिट कराने की भी मांग की गई है।

प्रेस वार्ता के बाद जिले के राजनीतिक हलकों में इस मामले को लेकर चर्चा तेज हो गई है। अब देखना होगा कि प्रशासन और सरकार इस गंभीर आरोप पर क्या कदम उठाती है।

## सासाराम के ऐतिहासिक स्थलों से रूबरू हुए नावाडेरा विद्यालय के छात्र, शैक्षणिक भ्रमण में बढ़ी सीखने की रुचि

**डुमरांव।** पढ़ाई को रोचक और ज्ञानवर्धक बनाने के उद्देश्य से मध्य विद्यालय नावाडेरा के कक्षा 7 और 8 के छात्र-छात्राओं को सासाराम के ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने इतिहास और संस्कृति से जुड़े महत्वपूर्ण स्थलों को करीब से देखा तथा उनके बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। भ्रमण के क्रम में बच्चों ने शेरशाह सूरी का मकबरा, इन्द्रपुरी बराज, ताराचंडी मंदिर और पायलट बाबा आश्रम सहित कई प्रमुख स्थलों का अवलोकन किया। शिक्षकों ने इन स्थानों की ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक विशेषताओं के बारे में विद्यार्थियों को विस्तार से बताया। पुस्तकों में पढ़े गए विषयों को प्रत्यक्ष रूप से देखने का अवसर मिलने पर छात्रों में काफी उत्साह देखने को मिला। विद्यार्थियों ने कहा कि इस तरह का शैक्षणिक भ्रमण पढ़ाई को अधिक सरल और रोचक बना देता है।

# आस्था पर प्रहार, ओझा बरांव काली व हनुमान मंदिर से चोरों ने उड़ाए सोने-चांदी के आभूषण व कीमती बर्तन

- **दो लाख रूपए से अधिक मूल्य का है चोरी गया सामान, शुक्रवार रात की है घटना, मंदिरों में चोरी की वारदात से ग्रामीणों में गहराया आक्रोश**



**केटी न्यूज/चौगाई**

मुरार थाना क्षेत्र के ओझा बरांव गांव में चोरों ने एक ही रात श्रद्धालुओं की आस्था पर प्रहार करते हुए काली मंदिर तथा हनुमान मंदिर से सोने क आभूषण व पीतल के घंटे तथा कीमती बर्तन समेत दो लाख रूपए से अधिक मूल्य की संपति चुरा ली है।

चोरी की यह वारदात शुक्रवार रात की है, शनिवा की सुबह जब ग्रामीण मंदिर में पूजा-पाठ करने पहुंचे तथा मेन गेट का टूटा ताला देखे तो उन्हें चोरी की बात समझ में आई। अंदर जाने पर गर्भगृह का ताला भी टूटा था तथा मां काली व हनुमान जी के मूर्ति में लगे सोने की आंखे जिसका अनुमानित मूल्य एक लाख रूपए, 50-50 हजार रूपए मूल्य के कालीजी का चांदी का मुकुट तथा पीतल के तीन बड़े घंटे व करीब 15 हजार रूपए मूल्य के पीतल के बर्तन समेत कुल 2 लाख 15 हजार रूपए मूल्य के आभूषण व बर्तन गायब थे।

सुबह होते ही यह घटना जंगल की आग की तरह पूरे गांव में फैल गई तथा देखते ही देखते मंदिर परिसर में सैकड़ो ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई।

चोरी की इस वारदात के बाद ग्रामीण श्रद्धालुओं का आक्रोश गहरा गया है। ग्रामीणों का कहना है कि दोनों मंदिरों के प्रति गांव के हर एक परिवार की आस्था जुड़ी है तथा हर सुबह व शाम मंदिरों में बड़ी संख्या में ग्रामीण पूजा-अर्चना करने आते है।

इस संबंध में ग्रामीण ऋषिकेश ओझा ने मुरार पुलिस को एक लिखित आवेदन दिया है, जिसमें जिक्र किया है कि शुक्रवार की शाम छह से सात बजे के बीच शाम की आरती संपन्न होने के बाद मंदिर को बंद कर सभी श्रद्धालु अपने घर चले गए थे, लेकिन शनिवार की सुबह करीब छह बजे जब श्रद्धालु पूजा करने पहुंचे तो दोनों मंदिरों के मुख्य गेट का ताला टूटा मिला।

ग्रामीणों के आवेदन पर मुरार पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। वहीं, इस घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश गहरा गया है। ग्रामीणों ने चोरी की इस घटना का शीघ्र उद्भेदन तथा ग्रामीण मंदिरों की सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है।

# नया बाजार मस्जिद में बीडीसी सदस्य ने कराया इफ्तार, सैकड़ों लोगों ने किया रोजा इफ्तार



**केटी न्यूज/केसठ**

प्रखंड के नया बाजार स्थित मस्जिद परिसर में शनिवार की शाम बीडीसी सदस्य असलम हुसैन के द्वारा पवित्र रमजान माह के अवसर पर सामूहिक इफ्तार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में रोजेदारों एवं स्थानीय लोगों ने भाग लेकर रोजा खोला और इफ्तार का लुत्फ उठाया।इफ्तार के दौरान मस्जिद परिसर में भाईचारा और सौहार्द का माहौल देखने को मिला। मुस्लिम समुदाय के लोगों के साथ-साथ अन्य समाज के लोगों ने भी कार्यक्रम में उपस्थित होकर सामाजिक एकता और आपसी सद्भाव का संदेश दिया। इस मौके पर बीडीसी सदस्य ने कहा कि रमजान का महीना आपसी प्रेम, भाईचारा और इंसानियत का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि इफ्तार जैसे आयोजनों से समाज में एकता और सद्भाव मजबूत होता है तथा सभी लोगों को मिल-जुलकर रहने की प्रेरणा मिलती है।

उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि समाज में प्रेम और आपसी सहयोग की भावना बनी रहे। इसी उद्देश्य से यह इफ्तार कार्यक्रम आयोजित किया गया है ताकि लोग एक साथ बैठकर भाईचारे के माहौल में इफ्तार कर सकें।इफ्तार कार्यक्रम में क्षेत्र के कई गणमान्य लोग, रोजेदार एवं स्थानीय ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## एक नजर

### कोरानसराय में गूंजेगा हरि नाम: 10 मार्च से श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ और भागवत कथा का महाआयोजन



**डुमरांव।** अनुमंडल क्षेत्र के कोरानसराय में 10 मार्च से सात दिवसीय भव्य धार्मिक आयोजन का शुभारंभ होने जा रहा है। यहां श्री राधेकीर्तन ब्रह्म बाबा के सान्निध्य में श्री श्री 108 विराट श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ तथा संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। 10 से 16 मार्च तक चलने वाले इस महायज्ञ को लेकर पूरे इलाके में श्रद्धा और उत्साह का माहौल है। गांव-गांव में इसकी तैयारियां जोरों पर चल रही हैं और श्रद्धालु इस आध्यात्मिक आयोजन में शामिल होने को लेकर उत्साहित हैं। महायज्ञ की शुरूआत 10 मार्च को भव्य कलश यात्रा, जलभरी और पंचांग पूजन के साथ होगी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश लेकर शोभायात्रा में शामिल होंगी। वैदिक मंत्रोच्चार, ढोल-नगाड़ों और जयघोष के साथ निकलने वाली यह कलश यात्रा पूरे क्षेत्र को भक्तिमय वातावरण से सराबोर कर देगी। श्रद्धालुओं के हरि बोल और जय श्री लक्ष्मीनारायण के उद्घोष से वातावरण गूंज उठेगा। महायज्ञ के मुख्य आयोजनकर्ता महंत दीपक तिवारी जी महाराज ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य समाज में आध्यात्मिक चेतना जगाना और लोगों के बीच नैतिक मूल्यों को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि यज्ञ और भागवत कथा जैसे आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं तथा लोगों को धर्म और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने बताया कि इस महायज्ञ का संचालन प्रसिद्ध यज्ञाचार्य आचार्य अखिलेश उपाध्याय के मार्गदर्शन में कराया जाएगा। वहीं प्रयागराज की सुप्रसिद्ध कथावाचिका विदुषी अंजनी गोस्वामी प्रतिदिन संगीतमय शैली में श्रीमद्भागवत कथा का वाचन करेंगी। उनकी ओजस्वी वाणी और भावपूर्ण प्रस्तुति से श्रद्धालु भक्ति रस में डूबेंगे। आयोजन समिति के अनुसार महायज्ञ के दौरान देश के विभिन्न राज्यों से कई संत-महात्मा, वैदिक विद्वान और भागवत कथा मर्मज्ञ भी पहुंचेंगे। वे अपने प्रवचनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को धर्म, भक्ति और जीवन मूल्यों से जुड़ी शिक्षाएं देंगे। सात दिनों तक चलने वाले इस धार्मिक महोत्सव में प्रतिदिन कथा-प्रवचन, भजन-कीर्तन और वैदिक अनुष्ठान होंगे। आयोजन स्थल पर मुख्य यज्ञ मंडप, प्रवचन मंच और साधु-संतों के ठहरने के लिए कुटियों का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। आयोजकों को उम्मीद है कि यह महायज्ञ क्षेत्र में आध्यात्मिक जागरण का संदेश देगा और हजारों श्रद्धालु इसमें भाग लेकर धर्मलाभ प्राप्त करेंगे।

### ईज ऑफ लिविंग की समीक्षा बैठक में डीएम के निर्देश, जनता दरबार व कार्यालयों में मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने पर जोर

**बक्सर।** जिलाधिकारी साहिला की अध्यक्षता में समाहरणालय परिसर स्थित सभाकक्ष में शनिवार को जीवन सुगमता (ईज ऑफ लिविंग) से संबंधित योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों को आम लोगों को बेहतर प्रशासनिक सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने सभी पदाधिकारियों को संयुक्त रूप से जनता दरबार आयोजित कर आम लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जनता दरबार में आने वाले आगंतुकों के लिए पेयजल की समुचित व्यवस्था तथा सहायता काउंटर (हेल्प डेस्क) की व्यवस्था अनिवार्य रूप से की जाए, ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। बैठक में सभी प्रखंड कार्यालय परिसरों के आसपास एक सप्ताह के भीतर साफ-सफाई तथा रंग-रोगन कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा प्रखंड परिसर में आवश्यक संकेतक पट्ट (साइन बोर्ड) लगाने को लेकर दो दिनों के भीतर अद्यतन प्रतिवेदन उपलब्ध कराने को कहा गया। इसके अलावा कार्यालय परिचारियों के माध्यम से आगंतुकों के सम्मानपूर्ण स्वागत तथा प्रतीक्षालय कक्ष के निर्माण की व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने सभी सरकारी कार्यालयों में आपातकालीन दूरभाष नंबरों की सूची प्रमुखता से प्रदर्शित करने को कहा। इसके साथ ही जिले के प्रमुख घाटों के सौंदर्यीकरण के लिए न्यूनतम आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश भी संबंधित विभागों को दिया गया। स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सदर अस्पताल, अनुमंडलीय अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में सहायता काउंटर स्थापित करने तथा नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।






# महर्षि विश्वामित्र महाविद्यालय में वित्तीय शिक्षा पर राष्ट्रीय वेबिनार का हुआ आयोजन

- **सेबी और एनएसई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजन, छात्रों को निवेश और शेयर बाजार की दी गई जानकारी**




**केटी न्यूज/बक्सर**

शनिवार को महर्षि विश्वामित्र महाविद्यालय, बक्सर में भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) तथा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के संयुक्त तत्वावधान में ह्वित्तीय शिक्षा एवं निवेश जागरूकताह्व विषय पर एक राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया। वेबिनार का उद्देश्य छात्रों, शिक्षकों और आम नागरिकों के बीच वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देना तथा निवेश से जुड़ी आवश्यक जानकारियों से अवगत कराना था।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो० (डॉ.) कृष्णा कांत सिंह ने की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में वित्तीय शिक्षा अत्यंत आवश्यक हो गई है। सही वित्तीय ज्ञान के अभाव में लोग कई बार गलत आर्थिक निर्णय ले लेते हैं। उन्होंने कहा कि वित्तीय साक्षरता से व्यक्ति अपने संसाधनों का बेहतर प्रबंधन कर सकता है और भविष्य को सुरक्षित बना सकता है। उन्होंने ऐसे ज्ञानवर्धक कार्यक्रमों के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इससे छात्रों में आर्थिक समझ और जागरूकता विकसित होती है। वेबिनार के मुख्य वक्ता एनएसई के उप प्रबंधक ऐश्वर्य जैन थे। उन्होंने अपने व्याख्यान में वित्तीय साक्षरता के महत्व, बचत और निवेश की आवश्यकता, शेयर बाजार की मूलभूत संरचना तथा निवेश से जुड़े संभावित जोखिमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने प्रतिभागियों को जागरूक निवेशक बनने की सलाह देते हुए कहा कि किसी भी निवेश से पहले पूरी जानकारी प्राप्त करना आवश्यक है। साथ ही उन्होंने वित्तीय धोखाधड़ी से बचने के लिए भी कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

इस अवसर पर सेबी से डॉ. अजीत कुमार मौर्य भी सत्र में शामिल हुए। उन्होंने प्रतिभागियों को वित्तीय शिक्षा से जुड़ी विभिन्न योजनाओं और निवेश के सुरक्षित तरीकों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वित्तीय जागरूकता से समाज में आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलता है।

वेबिनार की संयोजक अर्थशास्त्र विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. अर्चना मिश्रा थीं, जबकि आयोजन सचिव के रूप में सहायक प्राध्यापक डॉ. आदित्य सिंह ने कार्यक्रम के संचालन की जिम्मेदारी निभाई। उनके कुशल मार्गदर्शन और प्रयासों से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

वेबिनार में देश के विभिन्न राज्यों के शैक्षणिक संस्थानों से जुड़े प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके अलावा महाविद्यालय के शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं तथा गैर-शैक्षणिक कर्मचारी भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम के अंत में डॉ. अर्चना मिश्रा ने सभी अतिथियों, वक्ताओं और प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया। वेबिनार प्रतिभागियों के लिए अत्यंत उपयोगी और ज्ञानवर्धक साबित हुआ।

## एसपी शुभम आर्य ने प्रेस वार्ता आयोजित कर दी जानकारी

# पुलिस पर हमला करने वाले दो तस्कर गिरफ्तार
# एक देशी कट्टा और पांच कारतूस पुलिस ने किया बरामद

- **दो मार्च को जवही दियर पुलिस पिकेट पर तैनात हवलदार व एक सिपाही पर तस्करों ने किया था जानलेवा हमला, वायरल हुआ था जवानों के साथ मारपीट का वीडियो**
- **घटना में शामिल तीन अपराधी अबतक हो चुके है गिरफ्तार, अन्य की तलाश में छापेमारी तेज**






पुलिस पर हमले के दो आरोपी गिरफ्तार हुए हैं। दोनों शराब तस्कर हैं। इन पर पूर्व से भी शराब तस्करी के दो मामले दर्ज है। हथियार और जिंदा कारतूस भी बरामद हुए हैं। इस कांड की यह तीसरी गिरफ्तारी है। शेष अभियुक्तों को भी चिन्हित किया जा रहा है।
**– शुभम आर्य, एसपी, बक्सर**

**केटी न्यूज/बक्सर**

जवही दियर पुलिस पिकेट पर तैनात दो पुलिसकर्मियों पर जानलेवा हमला करने वाले शराब तस्करों के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से एक देशी कट्टा, पांच जिंदा कारतूस और दो मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। इस मामले में अब तक तीन आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है, जबकि अन्य हमलावरों की तलाश में पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

शनिवार को डुमरांव स्थित अंचल निरीक्षक कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में एसपी शुभम आर्य ने पूरे मामले का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि बीते 2 मार्च को ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के जवही दियर पुलिस पिकेट पर तैनात हवलदार प्यारे लाल पासवान और सिपाही रौशन कुमार पर शराब तस्करों ने हमला कर दिया था। यह हमला उस समय किया गया जब दोनों जवान गश्त के दौरान पिकेट के पास स्थित एक दुकान से सामान लेकर लौट रहे थे। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस महकमे में भी हड़कंप मच गया था। वीडियो में कई लोगों को पुलिसकर्मियों को घेरकर मारपीट करते हुए देखा गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कार्रवाई शुरू की गई और आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गई।

### शराब पकड़वाने की कार्रवाई से नाराज थे तस्कर

पुलिस जांच में सामने आया कि जवही दियर पिकेट के जवान लगातार इलाके में शराब तस्करी के खिलाफ कार्रवाई कर रहे थे। हाल के दिनों में कई खेप पकड़े जाने के कारण तस्कर उनसे नाराज थे। इसी रंजिश में बदमाशों ने हमला करने की साजिश रची और मौका मिलते ही पुलिसकर्मियों को घेरकर पीट दिया।

एसपी ने बताया कि वायरल वीडियो व एफआईआर के आधार पर एसडीपीओ पोलस्त कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने छापेमारी कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान भोजपुर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के सरना गांव निवासी रवि कुमार पिता राजन साह और रानीसागर गांव निवासी पप्पू कुमार पिता सुरेंद्र तुरहा के रूप में हुई है। दोनों आरोपियों को ब्रह्मपुर के पश्चिम टोला के पास रहथुआ जाने वाली सड़क के समीप से पकड़ा गया। तलाशी के दौरान रवि कुमार के कमर से एक देशी कट्टा और उसकी जींस की जेब से दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए। वहीं पप्पू कुमार के पास से तीन जिंदा कारतूस मिले। इसके अलावा दोनों के पास से दो मोबाइल फोन भी जब्त किए गए हैं। पुलिस पूछताछ में दोनों ने शराब तस्करी में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। साथ ही यह भी माना है कि वे पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट की घटना में शामिल थे।

### तीन बाइक पर पहुंचे थे आठ-नौ हमलावर

पूरी घटना 2 मार्च की दोपहर लगभग साढ़े तीन बजे की बताई जा रही है। उस समय हवलदार रामप्यारे पासवान और सिपाही रौशन कुमार गश्त पर थे। दोनों जवान पिकेट के पास एक किराना दुकान से सामान लेकर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान तीन मोटरसाइकिलों पर सवार करीब आठ-नौ बदमाशों ने रास्ते में उन्हें घेर लिया। बदमाशों ने पहले पुलिसकर्मियों को धमकाया और शराब पकड़वाने की कार्रवाई को लेकर नाराजगी जताई। इसके बाद अचानक लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में सिपाही रौशन कुमार के सिर पर गंभीर चोट लगी और वे खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर पड़े। वहीं हवलदार रामप्यारे पासवान को भी बुरी तरह पीटा गया। हमलावरों ने दोनों को जमीन पर गिराकर लात-घूंसों से भी मारपीट की। घटना के दौरान आरोपियों ने जवानों का मोबाइल फोन भी छीन लिया था। आसपास मौजूद लोगों के बीच यह घटना चर्चा का विषय बन गई थी और बाद में इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था।

### आवेदन के बाद दर्ज हुआ था मामला

घटना के अगले दिन 3 मार्च को हवलदार रामप्यारे पासवान ने ब्रह्मपुर थाना में लिखित आवेदन देकर आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसके बाद पुलिस ने वीडियो फुटेज और स्थानीय इनपुट के आधार पर आरोपियों की पहचान शुरू की। कार्रवाई के क्रम में थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार और प्रभारी थानाध्यक्ष अंशु कुमारी ने पहले आरोपी गोपाल कुंवर को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। इसके बाद पुलिस ने लगातार छापेमारी कर दो और आरोपियों को दबोच लिया।

## एक नजर

### घर में घुसकर मारपीट व महिलाओं से छेड़खानी, चार पर प्राथमिकी

**नावानगर।** सोनवर्षा थाना क्षेत्र के मणिया गांव में एक परिवार के साथ मारपीट तथा महिलाओं के साथ छेड़खानी का मामला सामने आया है। इस संबंध में पीड़ित मणिया गांव निवासी नंदन कुमार ने सोनवर्षा थाना में आवेदन देकर चार लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में वकील सिंह, मिथिलेश कुमार सिंह, धनंजय कुमार सिंह तथा सोनम कुमार को आरोपित बनाया गया है। पीड़ित नंदन कुमार ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया है कि बीते गुरुवार की देर शाम उक्त सभी लोग बेवजह उनके घर का दरवाजा खुलवाकर अंदर घुस आए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपितों ने लाठी-डंडे से मारपीट शुरू कर दी, जिससे परिवार के लोगों में अफरा-तफरी मच गई।

पीड़ित ने आरोप लगाया है कि जब घर की महिलाओं ने मारपीट का विरोध किया तो आरोपितों ने उनके साथ छेड़खानी की और बदसलूकी करने लगे। इस दौरान महिलाओं को पकड़कर घसीटते हुए बाहर निकालने का भी आरोप लगाया गया है। घटना के दौरान घर में रखा करीब 20 हजार रुपये नगद तथा उनकी मां के गले से जिउतिया छीनकर सभी आरोपित मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित परिवार ने स्थानीय थाना पहुंचकर मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई। इस संबंध में सोनवर्षा थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच कर दोषी पर विधिवत कार्रवाई की जाएगी।

### डिजिटल फसल सर्वे में लापरवाही पर डीएम सख्त, अधिकारियों से मांगा स्पष्टीकरण

**बक्सर।** जिलाधिकारी साहिला की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय परिसर स्थित कार्यालय कक्ष में जिला कृषि टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में डिजिटल फसल सर्वेक्षण, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, पशुपालन तथा गव्य विकास से संबंधित योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। डिजिटल फसल सर्वेक्षण की समीक्षा के दौरान ब्रह्मपुर प्रखंड में मात्र 41.7 प्रतिशत सर्वे कार्य पूरा होने पर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। इसे अत्यंत खेदजनक बताते हुए उन्होंने प्रखंड कृषि पदाधिकारी ब्रह्मपुर तथा अनुमंडल कृषि पदाधिकारी डुमरांव से स्पष्टीकरण मांगने का निर्देश दिया। वहीं ईटाढ़ी प्रखंड में सर्वेक्षण कार्य 85.7 प्रतिशत पूर्ण होने के बावजूद केवल 40.3 प्रतिशत प्लॉट को स्वीकृत कर अग्रसारित किए जाने पर भी जिलाधिकारी ने असंतोष जताया और संबंधित प्रखंड कृषि पदाधिकारी से जवाब तलब करने का निर्देश दिया। मृदा स्वास्थ्य की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसानों को फसलवार उर्वरक की सही मात्रा की जानकारी देने के लिए माहवार अनुशंसा तैयार की जाए।

# महुअरी गांव में होली के दिन दो पक्षों में लाठी-डंडे चले, आधा दर्जन लोग जख्मी



**केटी न्यूज/नावानगर**

सोनवर्षा थाना क्षेत्र के महुअरी गांव में होली के दिन दो पक्षों के बीच हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे चलने लगे, जिसमें करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घटना के बाद गांव में कुछ देर के लिए अफरातफरी का माहौल बन गया। घटना के संबंध में दोनों पक्षों की ओर से सोनवर्षा थाना में आवेदन देकर एक-दूसरे के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। एक पक्ष के मिथिलेश कुमार ने आवेदन में आरोप लगाया है कि राधेश्याम यादव, ददन यादव, शिवजी यादव, मनन यादव, राहुल यादव, चितरंजन एवं मुकेश कुमार यादव नशे की हालत में गांव की गलियों में हुड़दंग कर रहे थे। इस दौरान वे उनके परिवार के लोगों को गाली-गलौज करने लगे। जब इसका विरोध किया गया तो सभी लोग एकजुट होकर लाठी-डंडे से मारपीट करने लगे, जिसमें कई लोग घायल हो गए। वहीं दूसरे पक्ष के निर्भय सिंह ने चंदन सिंह, राजेश सिंह, रजनी सिंह, नंदन सिंह, मिथलेश सिंह तथा मनीष कुमार सिंह को नामजद करते हुए गाली-गलौज और मारपीट करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि आरोपितों ने बेवजह विवाद कर हमला कर दिया, जिससे उनके पक्ष के लोग घायल हो गए। इधर, मामले को लेकर सोनवर्षा थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से आवेदन प्राप्त हुआ है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है तथा जांच के बाद दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# बुनियाद केंद्र की सेवाओं का डीएम ने किया औचक निरीक्षण, प्रचार-प्रसार बढ़ाने के निर्देश

- **मोबाइल थेरेपी वैन को महादलित टोलों तक भेजने का निर्देश, एक साल में हजारों जरूरतमंदों को चश्मा व सहायक उपकरण वितरित**



**केटी न्यूज/बक्सर**

जिलाधिकारी साहिला ने शनिवार को बक्सर स्थित बुनियाद केंद्र का औचक निरीक्षण किया और वहां संचालित सेवाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि केंद्र की सुविधाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद लोग इसका लाभ उठा सकें।

निरीक्षण के दौरान बुनियाद केंद्र के प्रबंधक ने जिलाधिकारी को केंद्र के कार्यों और उपलब्ध सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बक्सर तथा डुमरांव प्रखंड परिसर में बुनियाद केंद्र संचालित है, जहां वृद्धजन, विधवाएं और दिव्यांगजन को विभिन्न प्रकार की सहायता उपलब्ध कराई जाती है। केंद्र के माध्यम से जरूरतमंदों को कानूनी सहायता, कृत्रिम अंग, सहायक यंत्र, श्रवण यंत्र, आंखों की जांच और चश्मा वितरण जैसी सुविधाएं दी जाती हैं।

इसके साथ ही लकवा से पीड़ित या रीढ़ अथवा शरीर के किसी अन्य अंग की हड्डी टूटने जैसी स्थिति में मरीजों को फिजियोथेरेपी की निःशुल्क सुविधा भी उपलब्ध कराई जाती है। आपातकालीन परिस्थितियों में मरीजों को अस्पताल तक पहुंचाने की व्यवस्था भी इसी केंद्र के माध्यम से की जाती है।

प्रबंधक ने बताया कि अप्रैल 2025 से फरवरी 2026 तक बक्सर सदर और डुमरांव प्रखंडों में बड़ी संख्या में जरूरतमंदों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं। इस अवधि में बक्सर सदर क्षेत्र में 1493 और डुमरांव में 850 लोगों को चश्मा वितरित किया गया। इसके अलावा 56 मोटर ट्राई साइकिल, 1 सेंसर छड़ी, 9 हाथ से चलने वाली ट्राई साइकिल, 1 सामान्य छड़ी, 10 बैसाखी, 11 श्रवण यंत्र, 12 व्हीलचेयर और 1 वॉकर भी लाभार्थियों के बीच वितरित किए गए हैं।

जिलाधिकारी ने इन आंकड़ों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि केंद्र की सेवाओं को और प्रभावी बनाया जाए। उन्होंने कहा कि कई जरूरतमंद लोग जानकारी के अभाव में इन सुविधाओं से वंचित रह जाते हैं, इसलिए पंचायत स्तर तक इसका प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए।

# जंगली महादेव मंदिर बनेगा शुभ मंडप एक ही वेदी पर 11 जोड़े रचाएंगे विवाह

- **9 मार्च को सामूहिक विवाह महोत्सव, आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों को मिलेगा नया सहारा, रुद्र सागर सेवा संस्थान की पहल**



**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव के ऐतिहासिक जंगली महादेव मंदिर परिसर में 9 मार्च को एक अनोखा और सामाजिक संदेश देने वाला आयोजन होने जा रहा है। यहां सामूहिक विवाह महोत्सव के दौरान 11 जोड़े एक ही मंडप में वैदिक रीति-रिवाज के साथ सात फेरे लेकर अपने नए जीवन की शुरूआत करेंगे। इस आयोजन का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों के विवाह में सहयोग करना और समाज में सामूहिक जिम्मेदारी का संदेश देना है। इस महोत्सव का आयोजन रुद्र सागर सेवा संस्थान के तत्वावधान में किया जा रहा है। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर डुमरांव के एक निजी सभागार में संस्था के सदस्यों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें आयोजन की रूपरेखा, व्यवस्थाएं और जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में गुजरात के पूर्व डीजीपी के.के. ओझा, संस्था के सचिव रवि शंकर चौबे, बाल कृष्ण चौबे, पूर्व मुखिया तेजनारायण ओझा, विंध्याचल ओझा, शिबू दुबे और सोनू ओझा सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि सामूहिक विवाह के लिए अब तक 11 जोड़ों का पंजीकरण किया जा चुका है। सभी जोड़ों का विवाह पारंपरिक हिंदू रीति-रिवाजों और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न कराया जाएगा। आयोजन स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया जाएगा, ताकि विवाह समारोह में शामिल होने वाले परिवारों और मेहमानों को उत्सव जैसा माहौल महसूस हो। विवाह के बाद नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देने के साथ-साथ बेटियों को दैनिक जीवन में उपयोग होने वाली आवश्यक गृह उपयोगी सामग्री भी प्रदान की जाएगी। इसमें रसोई और घरेलू उपयोग की वस्तुएं शामिल होंगी, ताकि नवदंपति अपने वैवाहिक जीवन की शुरूआत सहज तरीके से कर सकें। संस्था का मानना है कि यह सहयोग केवल एक सामाजिक परंपरा निभाने तक सीमित नहीं है, बल्कि जरूरतमंद परिवारों के लिए एक बड़ा सहारा भी है। संस्था के सदस्यों ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य समाज में यह संदेश देना भी है कि विवाह जैसे पवित्र संस्कार को सादगी और सहयोग की भावना के साथ भी संपन्न कराया जा सकता है। सामूहिक विवाह न केवल अनावश्यक खर्च को कम करता है, बल्कि सामाजिक एकता और सहयोग की भावना को भी मजबूत करता है। बैठक में मौजूद गुजरात के पूर्व डीजीपी के.के. ओझा ने कहा कि इस तरह के आयोजन समाज के लिए प्रेरणादायक होते हैं। इससे उन परिवारों को भी हिम्मत मिलती है जो आर्थिक तंगी के कारण अपने बेटे-बेटियों की शादी कराने में असमर्थ महसूस करते हैं। उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह समाज में सहयोग और जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करता है। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष 11 जोड़ों का विवाह कराया जा रहा है, लेकिन भविष्य में इसे और व्यापक स्वरूप देने की योजना है। अगले वर्ष संस्था की ओर से 21 जोड़ों का सामूहिक विवाह कराने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद परिवारों को इस पहल का लाभ मिल सके।

# होली पर अमरपुरी हाता में बवाल पुलिस के सामने चली गोली



**केटी न्यूज। नावानगर**

सोनवर्षा थाना क्षेत्र के अमरपुरी हाता में होली के दिन दो पक्षों के बीच हुआ विवाद अचानक हिंसक रूप ले लिया। किसी बात को लेकर शुरू हुई कहासुनी देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। इसी दौरान एक पक्ष की ओर से पुलिस के सामने ही फायरिंग किए जाने की बात सामने आई है। घटना के बाद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर आरोप लगाते हुए सोनवर्षा थाने में अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कराई है। पहले पक्ष की ओर से कंचन देवी ने अमरपुरी निवासी गुड्डू कुमार, मनीष कुमार, राजेंद्र पासी, बबलू पासी, रोनित कुमार, रामायण पासी, संदीप कुमार और रोहित कुमार समेत दस लोगों को नामजद करते हुए 15 से 20 अज्ञात लोगों पर मारपीट व फायरिंग करने का आरोप लगाया है। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से बेबी देवी ने अमर सिंह, शंकर पासी और राजू पासी को नामजद करते हुए कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ मारपीट और गोलीबारी का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। पीड़िता कंचन देवी के अनुसार पहले राजेंद्र पासी का परिवार अमर सिंह के घर और बागवानी में काम करता था। बाद में वह उनकी जगह काम करने लगीं, जिसे लेकर नामजद लोग अक्सर उन पर भद्दी टिप्पणी करते थे। होली के दिन इसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया और मारपीट शुरू हो गई। इसी बीच सूचना मिलने पर सोनवर्षा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। आरोप है कि उसी दौरान राजेंद्र पासी पक्ष की ओर से गुड्डू यादव पहुंचकर फायरिंग करने लगा और पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। इस घटना के बाद कंचन के परिजन अपनी सुरक्षा को लेकर काफी डरे सहमें हुए हैं। उन्होंने एसडीपीओ से उक्त घटना की जांच कर दोषी पर कार्रवाई की मांग किया है। इधर घटना के दौरान फायरिंग की आवाज और पुलिस की मौजूदगी का एक वीडियो फुटेज भी सामने आने की बात कही जा रही है। इस संबंध में एसडीपीओ पोलस्त कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। गोली चलने की सूचना मिली है, जिसकी जांच की जा रही है। दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# बक्सर में मार्च माह के आयोजनों को लेकर बैठक, महिला दिवस से बिहार दिवस तक होंगे विविध कार्यक्रम

- जिलाधिकारी साहिला ने अधिकारियों को दी जिम्मेदारी, स्वच्छता अभियान, प्रभात फेरी, रक्तदान शिविर और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे आयोजित




**केटी न्यूज/बक्सर**

जिलाधिकारी साहिला की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय परिसर स्थित सभाकक्ष में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस, जिला स्थापना दिवस, उस्ताद बिस्मिल्लाह खां दिवस तथा बिहार दिवस के आयोजन को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मार्च माह में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा पर चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।


बैठक में बताया गया कि 08 मार्च 2026 को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस, 17 मार्च को जिला स्थापना दिवस, 21 मार्च को उस्ताद बिस्मिल्लाह खां महोत्सव तथा 22 मार्च को बिहार दिवस मनाया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि इन सभी अवसरों पर जिले में व्यापक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों के समन्वय से सेमिनार, परिचर्चा गोष्ठी तथा अन्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके लिए अधिकारियों को विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं की सूची तैयार करने का निर्देश दिया गया, ताकि उन्हें कार्यक्रम में सम्मानित किया जा सके। साथ ही महिला प्रतिभागियों की अधिक से अधिक उपस्थिति सुनिश्चित करने को भी कहा गया। जिला स्थापना दिवस के अवसर पर सभी कार्यालय प्रमुखों को अपने-अपने कार्यालयों में स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया गया। नगर परिषद एवं नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारियों को सभी वार्डों में सफाई अभियान चलाने तथा शहर के प्रमुख चौक-चौराहों, पार्कों और स्थापित मूर्तियों की साफ-सफाई कराने के साथ नीली रोशनी से सजावट कराने को कहा गया। जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि जिला एवं प्रखंड मुख्यालयों में प्रभात फेरी के लिए रूट निर्धारित कर कार्यक्रम का आयोजन सुनिश्चित कराएं। इसके अलावा जिला मुख्यालय में स्थित महानुभावों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण भी किया जाएगा। समाहरणालय परिसर स्थित पार्क में जिला स्थापना दिवस के अवसर पर केक काटने का भी कार्यक्रम रखा गया है। साथ ही सिविल सर्जन को रक्तदान शिविर आयोजित कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में बताया गया कि 21 मार्च 2026 को डुमरांव स्थित राज उच्च विद्यालय में उस्ताद बिस्मिल्लाह खां महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस महोत्सव में विभिन्न कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी, जिसमें संतूर, शहनाई सहित विभिन्न वाद्य यंत्रों का वादन होगा। स्थानीय कलाकार भी अपनी प्रस्तुति देंगे, जिसके बाद मुख्य कार्यक्रम की शुरूआत होगी। जिलाधिकारी ने सिविल सर्जन को सभी कार्यक्रम स्थलों पर एंबुलेंस और आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया।

## कहा.. बाहर काम कर रहे एक-एक बिहारी मजदूर को यहां लाएंगे

# 5 साल में एक करोड़ बिहारियों को मिलेगा रोजगार, सम्राट चौधरी ने किया एलान

**एजेंसी। पटना**

सम्राट चौधरी ने कहा कि बीजेपी और एनडीए के लोगों को बिहार की जनता ने मैंडेट दिया है। ऐसे में बिहार की जनता को मैं जरूर आश्वस्त करता हूं कि नीतीश जी की मदद से बिहार और समृद्ध राज्य बनेगा। बिहार में बड़े पैमाने पर इंडस्ट्रीज लगाया जाएगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के फैसले पर बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने पहली बार प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि नीतीश जी ने पिछले लगभग 50 वर्षों तक बिहार और देश की सेवा की है। उनका राज्यसभा जाना लोगों के लिए चिंता का विषय है, जो स्वाभाविक भी है। उन्होंने कहा, "नीतीश कुमार जैसे नेता अब हमारे बीच नहीं रहेंगे। सम्राट चौधरी ने आगे




कहा कि बिहार की जनता ने बीजेपी और एनडीए को भरोसा दिया है। उन्होंने आश्वस्त किया कि नीतीश जी की मदद से बिहार एक समृद्ध और उद्योगों के लिए अग्रणी राज्य बनेगा। डिप्टी सीएम ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अगले पांच वर्षों में एक करोड़ रोजगार सृजित करने का लक्ष्य रखा है। इसके तहत बिहार से बाहर नौकरी करने गए योग्य बिहारी वहीं काम करेंगे, लेकिन मजदूरी के लिए बाहर गए लोगों को चिन्हित कर बिहार लाने का भी काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह पीएम मोदी और नीतीश कुमार का सपना है कि अगले पांच साल में एक करोड़ बिहारियों को रोजगार मिलेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के फैसले पर बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने पहली बार बयान दिया है। उन्होंने कहा कि नीतीश जी ने लगभग 50 वर्षों तक बिहार और राष्ट्र को सेवा दिया है। वो राज्यसभा जा रहे हैं। बिहार से बाहर जा रहे हैं। यह लोगों के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। जो लाजिमी भी है। नीतीश कुमार जी जैसे नेता अब हमारे बीच नहीं रहेंगे। उन्होंने कहा कि बीजेपी और एनडीए के लोगों को बिहार की जनता ने मैंडेट दिया है। ऐसे में बिहार की जनता को मैं जरूर आश्वस्त करता हूं कि नीतीश जी की मदद से बिहार और समृद्ध राज्य बनेगा। बिहार इंडस्ट्रीज के लिए खड़ा होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हमलोगों से कहा है कि अगले पांच वर्षों में एक करोड़ जॉब क्रियेट करना है। उन्होंने कहा कि एक-एक बिहारी जो अच्छे नौकरी करने के लिए बाहर गये हैं, उनको नहीं लाना है। वो लोग वही काम करेंगे, लेकिन जो बिहारी मजदूरी करने बाहर गये हैं, वैसे एक-एक व्यक्ति को चिन्हित करके बिहार लाने का हम काम करेंगे। पीएम मोदी और सीएम नीतीश का यह सपना है कि अगले 5 साल में एक करोड़ लोगों को रोजगार दिया जाएगा।

# बीपीएल परिवार के छत पर निःशुल्क लगेगी सोलर पैनल

## उपभोक्ता आवेदन कर सकेंगे 31 मार्च तक

**केटी न्यूज/रोहतास**

रोहतास जिले के गरीब एवं निम्न आय वर्ग के परिवारों को बिजली बिल के बोझ से राहत देने की दिशा में सरकार द्वारा महत्वपूर्ण पहल की गई है। कुटीर ज्योति (बीपीएल) बिजली उपभोक्ताओं के लिए अपनी छत पर निःशुल्क सोलर पैनल लगवाने की योजना चलाई जा रही है। इस योजना के तहत उपभोक्ताओं को दिन के समय पंखा, बल्ब आदि चलाने के लिए सौर ऊर्जा का लाभ मिलेगा, जिससे बिजली बिल लगभग समाप्त हो जाएगा। बिजली कंपनी द्वारा पहले इस योजना के लिए सहमति देने की अंतिम तिथि 28 फरवरी निर्धारित की गई थी, जिसे अब बढ़ाकर 31 मार्च कर दिया गया है। अब इच्छुक उपभोक्ता 31 मार्च तक आवेदन कर इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। विद्युत अधीक्षण अभियंता, सासाराम ई. इंद्रदेव कुमार ने बताया कि रोहतास जिले में लगभग 97773 कुटीर ज्योति (बीपीएल) उपभोक्ता हैं और इन सभी परिवारों को इस योजना के दायरे में लाने का लक्ष्य रखा गया है। सोलर पैनल लगने के बाद उपभोक्ताओं की ग्रिड बिजली पर निर्भरता कम होगी, जिससे उनके मासिक बिजली खर्च में काफी कमी आएगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की है कि अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना जल्द से जल्द आवेदन करें, ताकि पहले चरण में ही उनके घरों पर सोलर यूनिट स्थापित की जा सके। उन्होंने बताया की अगर आपके पास स्मार्टफोन है तो आप इन 5 आसान स्टेप्स में आवेदन कर सकते हैं। सबसे पहले गूगल प्ले स्टोर से 'सुविधा एप्प' डाउनलोड करें। एप में 'रूफटॉप सोलर पैनल स्थापन हेतु सहमति (कुटीर ज्योति)' विकल्प पर क्लिक करें। अपना उपभोक्ता संख्या (कंज्यूमर नंबर) दर्ज करें और प्राप्त ओटीपी से वेरिफाई करें। योजना की शर्तों को पढ़कर 'सहमति' प्रदान करते समय आवेदक को किसी एक पता प्रमाण पत्र (जैसे आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र आदि) के साथ बीपीएल कार्ड या अन्य पात्रता प्रमाण पत्र जमा करना एवं मांगी गई जानकारी (छत का फोटो या एरिया) भरकर सबमिट कर दें। जिन उपभोक्ताओं के पास स्मार्टफोन उपलब्ध नहीं है, वे संबंधित विद्युत आपूर्ति प्रमंडल कार्यालय के सुविधा काउंटर या वसुधा केंद्र की मदद से भी आवेदन कर सकते हैं। विभागीय सुविधा काउंटर पर यह सेवा पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध है। विद्युत विभाग ने सभी पात्र उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और स्वच्छ एवं सस्ती सौर ऊर्जा की दिशा में कदम बढ़ाएं।

# बाइक सवार को बचाने में अनियंत्रित कार पेड़ से टक्कराई, महिला की मौत



**केटी न्यूज/रोहतास**

बिक्रमगंज सासाराम पथ पर थाना क्षेत्र के घुसियां खुर्द गांव के पास विपरीत दिशा से आ रही एक बाइक को बचाने में एक कार पेड़ से टक्करा गई। जिसमें कार में सवार एक महिला की मौत हो गई, जबकि चालक जख्मी हो गया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि भोजपुर जिला के तरारी थाना अंतर्गत जेठवार निवासी रवि कुमार पिता नंद कुमार सिंह अपनी बुआ को लेकर बघौला थाना क्षेत्र के रोतवा से कार से अपने गांव जा रहे थे। घुसियां खुर्द गांव के पास विपरीत दिशा से आ रहे एक बाइक सवार को बचाने में उनकी कार पेड़ से टक्करा गई। जिससे आगे बैठी बुआ की मौत हो गई, जबकि चालक भतीजा रवि कुमार बुरी तरह घायल हो गए, मृतक महिला बघैला थाना अंतर्गत रोतवां गांव निवासी श्रीराम सिंह की पत्नी जानकी देवी बताई जाती हैं। जबकि गाड़ी चला रहे घायल युवक भोजपुर के तरारी थाना अंतर्गत जेठवार गांव निवासी नंद कुमार सिंह के पुत्र रवि कुमार बताए जाते हैं। घायल का इलाज बिक्रमगंज के एक निजी अस्पताल में जारी है।

## एक नजर

### पुलिस पर हमला करने के मामले में अभियुक्त गिरफ्तार,न्यायिक हिरासत में भेजा गया

**दिनारा।** दिनारा थाना की पुलिस ने पुलिस पर हमला करने के मामले में फरार चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है । गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान थाना क्षेत्र के ग्राम बेलवैया निवासी श्रीनिवास राम के रूप में की गई है । थानाध्यक्ष विनय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि श्रीनिवास राम के विरुद्ध स्थानीय थाना में कांड संख्या 366/25 दर्ज है । इस मामले में उस पर पुलिस पर हमला करने का आरोप है । घटना के बाद से ही वह फरार चल रहा था ।उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही थी । इसी क्रम में उसे गिरफ्तार कर लिया गया । आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है । थानाध्यक्ष ने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है और किसी भी तरह की आपराधिक गतिविधि में शामिल लोगों को बख्शा नहीं जाएगा ।

### वारंटी गोविंद साह व बैकुंठ साह गिरफ्तार,न्यायालय भेजे गए

**रोहतास।** राजपुर थाना क्षेत्र के हबूबपुर गांव निवासी दो वारंटियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गोविंद साह और बैकुंठ साह के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार दोनों आरोपियों के विरुद्ध न्यायालय द्वारा वारंट जारी किया गया था। इसके आलोक में राजपुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष उमूस सलमा ने बताया कि न्यायालय से जारी वारंट के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों वारंटियों को पकड़ा और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उन्हें न्यायालय भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि फरार वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### नशे के हालत में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट, सात लोग जख्मी

**काराकाट।** थाना क्षेत्र के अमरथा में शुक्रवार को नशे के नशे में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। इस घटना में दोनों पक्षों के कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका प्राथमिक उपचार काराकाट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में कराया गया।मिली जानकारी के अनुसार, नशे में धुत दोनों पक्षों के लोग आपस में भिड़ गए, जिससे मामला मारपीट तक पहुंच गया। घटना के बाद दोनों पक्षों ने थाने पहुंचकर अलग-अलग प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज कराई। थाना अध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि दोनों कांडों में कुल सात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। सभी गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।प्रथम पक्ष की एफआईआर (कांड संख्या 102/26)प्रथम पक्ष की ओर से अंजू देवी ने शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने अमरथा टोला निवासी अखिलेश पासवान, रमेश पासवान, अशोक पासवान, ललन राम तथा सीमा देवी (पति स्व. पिंटू पासवान) को मारपीट का आरोपी बनाया है।द्वितीय पक्ष की एफआईआर (कांड संख्या 103/26)दूसरे पक्ष की ओर से ललन राम के बयान पर अंजू देवी (पति लालबाबू पासवान), लालबाबू पासवान (पिता बबन पासवान) तथा लालजीत राम (पिता बबन पासवान) के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि मामले की आगे जांच चल रही है और शांति बनाए रखने के लिए थाना प्रभारी सतर्क हैं। स्थानीय लोगों ने इस घटना पर चिंता जताई है और प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### पुलिस ने मारपीट और आर्म्स एक्ट के आरोपी को भेजा जेल

**काराकाट।** जिले के काराकाट थाना क्षेत्र के कर्मा गांव में होली के दिन हुई मारपीट और आर्म्स एक्ट की घटना में आरोपी मनू सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि स्वर्गीय धीरजा सिंह के 60 वर्षीय पुत्र मुरलीधर सिंह ने थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पीड़ित ने शिकायत में कहा कि 4 मार्च को होली के दिन गोरे सिंह का पुत्र मनू सिंह ने उसके साथ जमकर मारपीट की, गाली-गलौज किया तथा पिस्टल लहराते हुए जान से मारने की धमकी दी।मुरलीधर सिंह ने आगे बताया कि आरोपी ने उनके घर के दरवाजे पर लगे हैंडपंप को तोड़ दिया, जिससे आर्थिक नुकसान हुआ। इस घटना से पीड़ित परिवार में दहशत फैल गई। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी मनू सिंह को उसके घर से दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी के पास से कोई हथियार बरामद नहीं हुआ, लेकिन मामला मारपीट और आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज है। थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने कहा कि आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। जांच पूरी होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की मारपीट या धमकी की घटना होने पर तत्काल थाने में शिकायत दर्ज कराएं।

### सासाराम : अतिक्रमण के खिलाफ एसडीएम के नेतृत्व में चला अभियान

**सासाराम।** शहर को जाम मुक्त बनाने के लिए प्रशासन अब एक्शन मोड में है। शुक्रवार को अनुमंडल पदाधिकारी (रज्ञ्द) डॉ. नेहा कुमारी के नेतृत्व में सासाराम के विभिन्न इलाकों में सघन अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस के आपसी सहयोग से सड़कों पर अवैध रूप से कब्जा जमाए दुकानों और ठेलों को हटाया गया। जबकि ट्रैफिक पुलिस द्वारा 'नो-पार्किंग' जोन में खड़े वाहनों और अवैध वेंडिंग करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए मौके पर ही चालान काटे गए। इस संदर्भ में एसडीएम डॉ. नेहा कुमारी ने स्पष्ट किया कि शहर में सुगम यातायात व्यवस्था बहाल करना और सासाराम को जाम की समस्या से पूरी तरह मुक्त कराना प्राथमिकता है। प्रशासन की इस सख्ती से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मचा रहा। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि दोबारा सड़कों पर अतिक्रमण पाया गया, तो भारी जुमार्ना वसूला जाएगा।

# भक्तों के बीच श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ की निकली कलश शोभायात्रा

**केटी न्यूज/रोहतास**

नगर निगम के आरा रेलवे गुमटी गजराढ़ गौरक्षणी स्थित मां दुर्गा एवं बजरंगबली मंदिर के तृतीय वार्षिकोत्सव के अवसर पर श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है जिसका कलश शोभायात्रा शनिवार को धूमधाम से निकाला गया, इस दौरान श्रद्धालुओं ने ढोल नगाड़े के धुन पर खूब झूमे तथा जय श्री राम हर हर महादेव के उद्घोष से माहौल धर्मपरायण हो गया। कलश यात्रा मे शामिल सैकड़ो महिलाओ ने यज्ञ स्थल से कलश लेकर महावीर मंदिर होते हुए लालगंज नहर के पास पहुंची जहां वैदिक मंत्रोंचारण के बीच अपने-अपने कलश में जल भरकर गौरक्षणी मोहल्ला भ्रमण करते हुए यज्ञ स्थल पर कलशो को सुरक्षित रखा गया।कलश शोभायात्रा के बाद सात




दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ कथा के साथ प्रारंभ हुआ।भागवत कथा का वाचन प्रयागराज से आए जगतगुरु श्री मुक्तिनाथ स्वामी जी महराज एवं आचार्य चतुर्भुज स्वामी जी महराज के द्वारा किया जायेगा. सात दिनों तक सुबह छह बजे कलश पूजन तथा संध्या 3 बजे से कथा का वाचन किया जाना है.आचार्य पंडित श्री दीपक शास्त्री ने बताया कि रविवार को कथा वाचन के दौरान दो बजे से तीन बजे के बीच पूज्य श्री लक्ष्मी प्रपन्न जियर स्वामी जी महाराज की उक्त कथा स्थली पर आगमन होगा। इसको लेकर जय मां छात्र संघ कमेटी के कार्यकताओं के द्वारा काफी तैयारी की गई है। इस दौरान काफी संख्या में पुलिस प्रशासन तथा समाजसेवी उपस्थित रहे।

# एसडीएम के जनता दरबार में इंसाफ की उम्मीद से पहुंचे रहें फरियादी

**केटी न्यूज/रोहतास**

अनुमंडल कार्यालय बिक्रमगंज में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें एसडीएम प्रभात कुमार ने फरियादियों की फरियाद सुनी। फरियादियों ने एसडीएम के समझ राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन, पीएम आवास योजना, परिमार्जन प्लस सहित अन्य कई समस्याओं के निदान के लिए गुहार लगाई। इस दौरान अनुमंडल क्षेत्र से भूमि विवाद से संबंधित 09 , राशन कार्ड से संबंधित 31 एवं अन्य 05 मामले लेकर परिवादी उपस्थित हुए और अपनी-अपनी समस्याएँ रखीं। सभी आवेदन पत्रों को शीघ्र निष्पादन संबंधित कार्यालयों व पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया। सबसे



अधिक समस्या राशनकार्ड से संबंधित थे। एसडीएम ने अनुमंडल क्षेत्र के बिक्रमगंज, संझौली, काराकाट, दावथ, दिनारा, नासरीगंज, सूर्यपुरा, राजपुर प्रखंडो के कई गांव से आये फरियादियों की समस्याओं को निदान के लिए भरोसा दिया। प्राप्त आवेदनों के अविलंब निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया गया।

# बिहार के गयाजी में बनेगा दूसरा चिड़ियाघर, परियोजना को मिली सैद्धांतिक मंजूरी

**एजेंसी। गयाजी**

बिहार के गया जिले में नए चिड़ियाघर की स्थापना को राज्य सरकार ने सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण से अनुमति मिलते ही निर्माण प्रक्रिया शुरू होगी। बिहार के गया जिले में नए चिड़ियाघर के निर्माण की प्रक्रिया जल्द शुरू हो सकती है। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अपर मुख्य सचिव आनंद किशोर ने बताया कि राज्य सरकार ने इस परियोजना को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है और केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण से अनुमति मिलते ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने यह जानकारी विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के दौरान दी। बैठक में बताया गया कि राज्य सरकार गया जिले में चिड़ियाघर की स्थापना को लेकर पहले ही सहमति दे चुकी है और अब केंद्रीय मंजूरी का इंतजार किया जा रहा है। बैठक में जलवायु परिवर्तन से निपटने




और पारिस्थितिकी संतुलन बनाए रखने के लिए चल रहे जलझ जीवनझहरियाली अभियान पर भी विस्तृत चर्चा हुई। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि जल संरक्षण और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में इस अभियान की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने पटना सहित राज्य के विभिन्न प्रवेश मार्गों और राजमार्गों पर हरित पट्टी विकसित करने का सुझाव दिया। अपर मुख्य सचिव आनंद किशोर ने बताया कि इस संबंध में जल्द ही विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर काम शुरू किया जाएगा। फिलहाल बिहार में पटना स्थित संजय गांधी जैविक उद्यान ही प्रमुख चिड़ियाघर है, जहां बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं। इसके अलावा गया के पास राजगीर जू सफारी भी पर्यटकों का आकर्षण है। राज्य सरकार वन्यजीव संरक्षण और पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के उद्देश्य से गया में नए जैविक उद्यान की स्थापना की योजना बना रही है। प्रस्तावित चिड़ियाघर गया-डोभी रोड पर जमारी के पास बनाए जाने की संभावना है।

# राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ प्रधान सचिव ने की बैठक लंबित मामलों के निष्पादन में लापरवाही बरतने पर जतायी नाराजगी



**एजेंसी। पटना**

पुराना सचिवालय स्थित राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के कार्यालय कक्ष में शनिवार को पटना जिले के अपर समाहर्ता, सभी भूमि सुधार उप समाहर्ता एवं अंचलाधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विभाग के प्रधान सचिव सी. के. अनिल ने की। इस दौरान राजस्व से संबंधित विभिन्न सेवाओं की प्रगति और लंबित मामलों की स्थिति की सख्ती से समीक्षा की गई। बैठक में परिमार्जन प्लस के लंबित आवेदनों, दाखिल-खारिज और अपील वादों, बिहार भूमि विवाद निवारण अधिनियम, 2009 के तहत लंबित मामलों, लगान की अद्यतन स्थिति, सैरात बंदोबस्ती तथा राजस्व पदाधिकारियों के क्षेत्र में लंबित प्रकरणों के निष्पादन की स्थिति पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रधान सचिव अनिल ने स्पष्ट निर्देश दिया कि आम जनता से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने और राजस्व प्रशासन को अधिक प्रभावी एवं संवेदनशील बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सभी लंबित मामलों की नियमित मॉनिटरिंग कर प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम लोगों को समय पर न्याय और सुविधा मिल सके। समीक्षा के दौरान प्रधान सचिव ने अधिकारियों को इस माह राजस्व लक्ष्य की शत-प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि लगान वसूली सहित अन्य राजस्व से जुड़े लक्ष्यों को गंभीरता से लेते हुए तय समयसीमा के भीतर पूरा किया जाए। बैठक के उपरांत मुख्यालय स्तर से 26 अधिकारियों की टीम गठित कर अंचल एवं भूमि सुधार उप समाहर्ता कार्यालयों का औचक निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया। सभी निरीक्षण करने वाले अधिकारियों को सोमवार तक अपनी निरीक्षण रिपोर्ट मुख्यालय में जमा करने का निर्देश दिया गया है। इस दौरान बैठक में सचिव गोपाल मीणा, सचिव जय सिंह, भू-अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के निदेशक सुहर्ष भगत, अपर सचिव आजीव वत्सराज, उप निदेशक मोना झा सहित विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। उपमुख्यमंत्री सह मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग विजय कुमार सिन्हा ने पटना जिले के राजस्व कार्यों की समीक्षा और अंचल कार्यालयों की औचक जांच को लेकर सख्त संदेश देते हुए कहा है कि राजस्व प्रशासन में किसी भी स्तर पर लापरवाही या ढिलाई बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि आम जनता से जुड़े दाखिल-खारिज, परिमार्जन, भूमि विवाद और अन्य राजस्व सेवाओं के मामलों का समयबद्ध निष्पादन राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। यदि किसी स्तर पर अनावश्यक देरी या लापरवाही पाई जाती है तो संबंधित पदाधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उपमुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि राजस्व व्यवस्था को दलाल-मुक्त, पारदर्शी और परिणामोन्मुख बनाना सरकार की प्रतिबद्धता है। सभी पदाधिकारियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि आम लोगों के कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरे हों और उन्हें कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। वही प्रधान सचिव सी. के. अनिल ने कहा कि राजस्व मुख्यालय में पटना जिले के राजस्व कार्यों की सख्त समीक्षा और 26 अधिकारियों की टीम द्वारा कार्यालयों के औचक निरीक्षण का उद्देश्य व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और जनोन्मुख बनाना है। निरीक्षण रिपोर्ट के आधार पर जहां सुधार की आवश्यकता होगी, वहां तत्काल आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### किसान के बेटे शिवराज ने यूपीएससी में हासिल की सफलता, चौथे प्रयास में 496वीं रैंक

**पटना।** किसान परिवार में जन्मे शिवराज कुमार ने अपने चौथे प्रयास में यूपीएससी परीक्षा में सफलता हासिल कर अपने गांव, शहर और जिले का नाम रोशन किया है। छह भाई-बहनों में सबसे छोटे शिवराज ने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति, धैर्य और लगातार मेहनत के दम पर यह मुकाम हासिल किया है। उनकी सफलता से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। शिवराज के पिता सुरेंद्र साह ने बताया कि उनका परिवार मूल रूप से बनमनखी प्रखंड के मोहनिया पंचायत का निवासी है। उन्होंने कहा कि बेटे की पढ़ाई की पूरी व्यवस्था उन्होंने खेती से होने वाली आय से ही की। उन्होंने बताया कि शिवराज का यह यूपीएससी में चौथा प्रयास था। इससे पहले वह दो बार मुख्य परीक्षा और इंटरव्यू तक पहुंच चुके थे, जिससे उनकी क्षमता का अंदाजा लगाया जा सकता है। आखिरकार इस बार उन्होंने 496वीं रैंक हासिल कर सफलता प्राप्त की। वहीं बनमनखी के काझी निवासी एलआईसी एजेंट राजकुमार झा के पुत्र सौरभ रंजन ने भी यूपीएससी परीक्षा में 567वीं रैंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। दोनों युवाओं की इस उपलब्धि से बनमनखी और आसपास के इलाके में खुशी की लहर है। स्थानीय लोग उनकी सफलता पर गर्व महसूस कर रहे हैं।

### बिहार में भ्रष्टाचार पर बड़ा प्रहार: रिश्वतखोरी के मामले में दारोगा सेवा से बर्खास्त, डीआईजी के एक्शन से हड़कंप

मुजफ्फरपुर के तिरहुत प्रक्षेत्र के डीआईजी चंदन कुशवाहा ने मुजफ्फरपुर पुलिस महकमे में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए एक बड़ी दंडात्मक कार्रवाई की है। डीआईजी ने भ्रष्टाचार के आरोपी पुलिस अवर निरीक्षक (रक) सुमनजी झा को तत्काल प्रभाव से सेवा से बर्खास्त कर दिया है। यह कार्रवाई विभाग की छवि सुधारने और अनुशासनहीनता को जड़ से खत्म करने के उद्देश्य से की गई है। पुलिस की तरफ से दी गई जानकारी के अनुसार, शिकायतकर्ता पवन कुमार ने निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, पटना में एसआई सुमनजी झा के खिलाफ भ्रष्टाचार की शिकायत दर्ज कराई थी। सत्यापन के बाद आरोप सही पाए गए। 4 सितंबर 2024 को सिवाईपट्टी थाना क्षेत्र के बंधारा बाजार के पास, तत्कालीन एसआई सुमनजी झा को 11,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया था। इस संबंध में निगरानी थाना कांड संख्या 08/24 दर्ज किया गया था। सिर्फ रिश्वतखोरी ही नहीं, सुमनजी झा पर अन्य गंभीर आरोप भी थे। हाल ही में जब वे वैशाली जिले के लालगंज थाने में पदस्थापित थे, तब उन पर 1.5 किलो सोना और अन्य बहुमूल्य सामग्री की जब्ती सूची में हेराफेरी करने का आरोप लगा था। इस मामले में लालगंज थाना कांड संख्या 11/26 के तहत उन पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी। जांच रिपोर्ट में सुमनजी झा को पूर्णतः दोषी पाया। रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया कि आरोपी अधिकारी के कृत्य से न केवल पुलिस विभाग की छवि धूमिल हुई, बल्कि यह आम जनता के विश्वास के साथ भी खिलवाड़ है।डीआईजी चंदन कुशवाहा के द्वारा जारी आदेश में कहा गया कि पुलिस एक अनुशासित संगठन है। ऐसे में भ्रष्टाचार में संलिप्त अधिकारियों का विभाग में बने रहना अन्य पुलिसकर्मियों के मनोबल और संगठन की साख पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। जांच रिपोर्ट और साक्ष्यों की गहन समीक्षा के बाद, डीआईजी चंदन कुशवाहा ने आरोपी सुमनजी झा को सेवा से बर्खास्त करने का आदेश जारी कर दिया।

# 35 साल बाद मिला इंसाफ, बहन को पेड़ से बांधकर भाई की हत्या करने वाले 5 दोषियों को उम्रकैद

**एजेंसी। मुजफ्फरपुर**

मुजफ्फरपुर से न्याय की एक ऐसी मिसाल सामने आई है, जिसने यह साबित कर दिया है कि कानून के हाथ लंबे होते हैं, अपराधी कितना भी भाग ले आखिरकार वो पकड़े जाते हैं। अहियापुर थाना क्षेत्र से करीब 35 वर्ष पूर्व हुए रोंगटे खड़े कर देने वाले हत्याकांड में अदालत ने ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एडीजे-5) आलोक कुमार पांडेय की अदालत ने इस जघन्य अपराध के पांच दोषियों को आजीवन कारावास (उम्रकैद) की सजा सुनाई है। यह सनसनीखेज वारदात साल 1991 की है, जब जमीनी विवाद ने एक परिवार की खुशियां उजाड़ दी थीं। शिवयहां चतुर्भुज गांव में आरोपियों ने प्रतिशोध और लालच में आकर उमा राय नाम के व्यक्ति की बेरहमी से हत्या कर दी थी। वारदात की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि हमलावरों ने उमा राय की बहन, बसंती देवी को घर के पास एक पेड़ से मजबूती से बांध दिया था। बहन बेबस होकर चीखती-चिल्लाती रही, लेकिन पत्थर दिल दोषियों ने उसकी



एक न सुनी और उसकी आंखों के सामने ही उसके भाई उमा राय को गोलियों से भून डाला। भाई की तड़प और बहन की बेबसी के उस मंजर ने पूरे इलाके को दहला दिया था। लोक अभियोजक सुनील कुमार पांडेय ने बताया कि इस मामले में न्याय मिलने में साढ़े तीन दशक का लंबा समय बीत गया। इसके पीछे कई गंभीर तकनीकी कारण थे। सबसे बड़ी बाधा यह थी कि घटना के बाद उमा राय का पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टर की मृत्यु हो चुकी थी, जिससे मेडिकल साक्ष्य प्रस्तुत करने में चुनौती आई। इसके अतिरिक्त, केस के अनुसंधान (इन्वेस्टिगेशन) से जुड़े कई महत्वपूर्ण दस्तावेज और कागजात भी समय के साथ ट्रेस नहीं हो पा रहे थे। इन प्रशासनिक और तकनीकी जटिलताओं के कारण मुकदमा वर्षों तक लंबित रहा, लेकिन पीड़ित पक्ष ने हार नहीं मानी और कानूनी लड़ाई जारी रखी। अदालत ने गवाहों के बयानों और उपलब्ध साक्ष्यों को गंभीरता से लेते हुए पांचों आरोपियों को हत्या सहित अन्य संबंधित धाराओं में दोषी पाया। सजा पाने वाले दोषियों में अहियापुर के शिवयहां चतुर्भुज निवासी बैद्यनाथ राय (77 वर्ष), महंथ राय (50 वर्ष), रामचंद्र पासवान (60 वर्ष), सहदेव राय (50 वर्ष) और मीनापुर के मोहनपुर निवासी रामबालक राय (70 वर्ष) शामिल हैं। उम्रकैद की सजा के साथ-साथ माननीय अदालत ने सभी पांचों दोषियों पर 50-50 हजार रुपये का अर्थदंड (जुमार्ना) भी लगाया है।

# नाले से अज्ञात युवक का शव बरामद इलाके में सनसनी, पुलिस पहचान में जुटी

**एजेंसी। मुजफ्फरपुर**

मुजफ्फरपुर जिले के बेला थाना क्षेत्र से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां कान्हा मोड़ के समीप स्थित एक नाले से शनिवार को पुलिस ने एक अज्ञात युवक का शव बरामद किया है। नाले में तैरते शव को देखकर इलाके में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर जुट गए और पूरे इलाके में तरह-तरह की चचाएं शुरू हो गईं। मृतक की पहचान अब तक नहीं हो सकी है, जिसके कारण पुलिस के सामने इस मामले की गुत्थी सुलझाना एक बड़ी चुनौती बन गया है। जानकारी के अनुसार, शनिवार सुबह कान्हा मोड़ के पास से गुजर रहे कुछ स्थानीय लोगों की नजर अचानक नाले में तैर रहे एक शव पर पड़ी। पहले तो लोगों को लगा कि शायद कोई कपड़ा या कचरा पानी में बह रहा है, लेकिन करीब जाकर देखने पर पता चला कि वह एक युवक का शव है। यह खबर फैलते ही आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए और इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना बेला थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए नगर डीएसपी सुरेश कुमार भी पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी। नगर डीएसपी सुरेश कुमार ने बताया कि मृतक युवक की उम्र करीब 25 से 30 वर्ष के बीच प्रतीत हो रही है। जब शव को नाले से बाहर निकाला गया तो उसकी स्थिति काफी संदिग्ध दिखाई दी। युवक के शरीर के ऊपरी हिस्से पर कोई कपड़ा नहीं था, जबकि उसने नीचे नीले रंग की जींस पैंट पहन रखी थी। सबसे चौंकाने वाली बात यह सामने आई कि युवक के पूरे शरीर पर होली के रंग लगे हुए थे। शरीर और चेहरे पर कई जगह गुलाल और रंग के निशान दिखाई दे रहे थे। इसे देखते हुए पुलिस यह आशंका जता रही है कि युवक होली के दौरान रंग खेलने के बाद किसी घटना का शिकार हुआ हो सकता है। हालांकि, अभी तक यह साफ नहीं हो पाया है कि उसकी मौत कैसे हुई। पुलिस ने शव को नाले से बाहर निकलवाकर अपने कब्जे में ले लिया और मौके पर आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए श्री कृष्णा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल भेज दिया गया है, ताकि मौत के सही कारणों का पता लगाया जा सके।

# दरभंगा में रेस्टोरेंट और वाटर पार्क मालिक को लगी गोली, हालत नाजुक

**एजेंसी। दरभंगा**

बिहार के दरभंगा में शुक्रवार को दिनदहाड़े एक बड़ी आपराधिक घटना सामने आई। नगर थाना क्षेत्र में अपराधियों ने वाव रेस्टोरेंट और वाव वाटर पार्क के मालिक को गोली मार दी। गंभीर रूप से घायल कारोबारी को पहले निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से डॉक्टरों ने उन्हें डीएमसीएच रेफर कर दिया। उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।दरअसल, नगर थाना क्षेत्र के बाबा उगना मंदिर के पास स्थित सेनापथ मुहल्ले में शुक्रवार को अपराधियों ने वाव रेस्टोरेंट और वाव वाटर पार्क के मालिक अनवर कमाल उर्फ लड्डू को गोली मार दी। बताया जा रहा है कि अनवर कमाल मस्जिद से नमाज पढ़कर बाहर निकल रहे थे, तभी पहले से घात लगाए अपराधियों ने उन पर फायरिंग कर दी। गोली उनके पेट के पास लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें आनन-फानन में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां




प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उन्हें डीएमसीएच रेफर कर दिया। इलाज कर रहे डॉक्टरों के अनुसार उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही नगर थाना समेत कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है और अपराधियों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। एफएसएल की टीम भी मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है।घटना की पुष्टि करते हुए सदर डीएसपी राजीव कुमार ने बताया कि पैसे के लेनदेन को लेकर हुए विवाद में एक युवक को गोली लगी है, जिसका इलाज डीएमसीएच में चल रहा है। उन्होंने कहा कि घटना का सटीक कारण अभी स्पष्ट नहीं है। मरीज के होश में आने के बाद उसके बयान के आधार पर आगे की जांच की जाएगी। बताया जाता है कि नगर थाना से कुछ ही दूरी पर घात लगाए बदमाशों ने रेस्टोरेंट के मालिक पर फायरिंग कर दी। गोली युवक के पेट के निचले हिस्से में लगी, जिससे काफी मात्रा में रक्तस्राव होने के कारण वह बेहोश हो गया। हालांकि घटना के संबंध में परिजनों ने फिलहाल कुछ भी बताने से इनकार किया है। घटना के बाद डीएमसीएच में घायल युवक के समर्थकों की काफी भीड़ जुट गई है। वहीं सेनापथ मोहल्ले में एहतियात के तौर पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

# बिहार में रक्षा विभाग की 9.36 एकड़ जमीन से हटेगा अतिक्रमण, पांच सदस्यीय कमेटी गठित

**एजेंसी। पटना**

मुजफ्फरपुर में रक्षा विभाग की जमीन पर अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए प्रशासन ने पांच सदस्यीय कमेटी गठित कर कार्रवाई शुरू कर दी है। 15 दिनों के भीतर कब्जाधारियों को नोटिस देने के बाद जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराया जाएगा। बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में रक्षा विभाग की जमीन पर अवैध अतिक्रमण को हटाने की दिशा में प्रशासन ने कार्रवाई शुरू कर दी है। मुशहरी अंचलाधिकारी ने इस प्रक्रिया को तेज करने के लिए पांच सदस्यीय कमेटी का गठन किया है, जो जमीन की पहचान कर अतिक्रमण हटाने की जिम्मेदारी संभालेगी। कमेटी में अंचल अमीन और अन्य



अंचल कर्मियों को शामिल किया गया है। इसके अलावा अंचलाधिकारी ने सेना के अधिकारियों से अंचल क्षेत्र में स्थित रक्षा विभाग की जमीन का विस्तृत ब्योरा उपलब्ध कराने का आग्रह किया है, ताकि आगे की कार्रवाई सही तरीके से की जा सके।बताया गया है कि मुजफ्फरपुर में रक्षा मंत्रालय की लगभग 9.36 एकड़ जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायतें सामने आई थीं। इसे लेकर राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने प्रशासन को निर्देश दिए थे कि अवैध जमाबंदी रद्द कर अमीन से पैमाइश कराई जाए और जमीन की पहचान कर पिलर लगाए जाए। निर्देशों के अनुसार, अवैध कब्जाधारियों को 15 दिनों का समय दिया जाएगा। इसके बाद जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराने की कार्रवाई शुरू की जाएगी। सेना के अनुरोध पर अब जमीन से जुड़े दस्तावेजों और रिकॉर्ड की जांच भी शुरू कर दी गई है। मुशहरी अंचलाधिकारी ने रक्षा विभाग के कमांडेंट को पत्र लिखकर जानकारी दी है कि अतिक्रमण से जमीन को सुरक्षित रखने और अवैध कब्जा हटाने के लिए दाखिल-खारिज प्रक्रिया भी शुरू की जाएगी। गठित कमेटी जमीन से जुड़े दस्तावेजों और रिकॉर्ड की जांच कर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित करेगी। इस कदम से प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि जिले में रक्षा विभाग की संपत्ति पर किसी भी प्रकार के अवैध कब्जे को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। 5 सदस्यीय कमेटी इस प्रक्रिया की निगरानी करेगी और सुनिश्चित करेगी कि जमीन जल्द से जल्द अतिक्रमण से मुक्त हो।

# पटना से बख्तियारपुर रवाना हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, गांव में लोगों और परिवार से करेंगे मुलाकात

**एजेंसी। पटना**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शनिवार को पटना से अपने पैतृक गांव बख्तियारपुर के लिए रवाना हो गए। बख्तियारपुर पहुंचने के बाद मुख्यमंत्री अपने गांव में परिवार के सदस्यों से मुलाकात करेंगे और स्थानीय लोगों से भी मिलेंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गांव में कुछ समय लोगों के साथ बिताएंगे और उनके हालचाल जानेंगे। बताया जा रहा है कि इस दौरान बड़ी संख्या में लोग उनसे मिलने पहुंच सकते हैं। मुख्यमंत्री बनने के बाद बख्तियारपुर में यह उनका पहला दौरा माना जा रहा है। इस वजह से स्थानीय लोगों में उत्साह देखा जा रहा है और वहां भारी भीड़ होने की संभावना है। अपने दौरे के दौरान मुख्यमंत्री



बख्तियारपुर में चल रही कई सरकारी योजनाओं और विकास कार्यों का भी निरीक्षण करेंगे। वह अधिकारियों से प्रगति की जानकारी लेंगे और आवश्यक दिशा-निर्देश भी देंगे। इस दौरे में मुख्यमंत्री के साथ बिहार सरकार के मंत्री विजय कुमार चौधरी भी मौजूद हैं।